विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 5 (क) | क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में खेल/गेम्स को बढ़ावा देने के लिए गॉव व तहसील स्तर पर कोई खेल का मैदान व स्टेडियम बनाये जाने की कोई योजना है ? | जी हां।<br>खेलों तक पहुॅच को बढ़ावा देने के लिए शहरी, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त खेल संबंधी बुनियादी ढॉचे के विकास, उन्नयन, उपयोग एवं रख-रखाव हेतु उत्तर प्रदेश खेल नीति-2023 प्रख्यापित की गयी है। इसके अतिरिक्त युवा कल्याण विभाग के शासनादेश दिनांक 14.03.2023 द्वारा प्रदेश के जनपदों के विकास खण्डों में ग्रामीण स्टेडियम बनाये जाने का प्राविधान किया गया है। |
| (ख) | जनपद सहारनपुर में बन रहे स्पोर्टस कालेज का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? | स्पोर्ट्स कालेज, बेहट, सहारनपुर के निर्माण कार्य को माह जून, 2024 तक पूर्ण कराया जाना सम्भावित है। |
| (ग) | जनपद सहारनपुर में बन रहे स्पोर्टस कालेज में हुई देरी पर अब तक कितने लोगों के विरूद्ध क्या कोई कार्यवाही की गयी है ? | स्पोर्ट्स कालेज सहारनपुर के निर्माण में हुई देरी हेतु उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 के जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम मुख्यालय के आदेश दिनांक 07.02.2023 एवं दिनांक 20.07.2023 द्वारा अनुशासनिक जॉच संस्थित करते हुए महाप्रबन्धक (दिल्ली अंचल), उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, नोएडा को जॉच अधिकारी नामित किया गया है, इस प्रकार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |

गिरीश चन्द्र यादव
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)